INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII-2nd Lang.	Department: Hindi	Date -14/04/24
Lesson–1 हम पंछी उन्मुक्त गगन के	Topic -Question Bank	PI File in portfolio

अति लघु प्रश्न

प्रश्न-1 हम पंछी उन्मुक्त गगन के पाठ के कवि कौन हैं?

उत्तर- हम पंछी उन्मुक्त गगन के पाठ के कवि शिव मंगल सिंह 'सुमन' हैं।

प्रश्न-2 पक्षी कैसा जीवन जीना चाहते हैं?

उत्तर- पक्षी एक स्वतंत्र जीवन जीना चाहते हैं।

प्रश्न-3 पिंजरे में पंछी क्या-क्या भूल जाते हैं?

उत्तर- पिंजरे में पंछी अपनी गति और उड़ान भूल जाते हैं|

प्रश्न-4 पंछियों के लिए पिंजरे में रखे मैदा से बेहतर क्या है?

उत्तर- पंछियों के लिए पिंजरे में रखे मैदा से बेहतर कड़वी निबौरी है।

प्रश्न-5 पिंजरे में पंख फ़ैलाने पर पंछियों की क्या दशा होगी?

उत्तर- पिंजरे में पंख फ़ैलाने पर उनके पंख टूट जाएँगे।

लघु प्रश्न

प्रश्न-1 पंछी कैसा जीवन जीना चाहते हैं?

उत्तर- पंछी स्वतंत्र जीवन जीना चाहते हैं। वे अपनी इच्छा के अनुसार खुले आसमान में उड़ना चाहते हैं। पेड़ों की फुनगी पर बैठकर झूलना चाहते हैं।

प्रश्न-2 पिंजरे में पंछी क्या-क्या नहीं कर सकते हैं?

उत्तर- पिंजरे में पंछी पंख नहीं फैला सकते, ऊँची उड़ान नहीं भर सकते, बहता जल नहीं पी सकते और पेड़ों पर लगे हुए फल नहीं खा सकते हैं।

प्रश्न-3 पक्षियों को पालना उचित है अथवा नहीं? अपने विचार लिखिए।

उत्तर- हमारे दृष्टिकोण से पक्षियों को पालना उचित नहीं है, इससे उनकी आज़ादी ख़त्म हो जाती हैं। उनकी इच्छाओं और सपनों पर पाबंदी लग जाती है। जिससे उनकी ख़ुशी गायब हो जाती है।

प्रश्न-4 हर तरह की सुख-सुविधाएँ पाकर भी पंछी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते?

उत्तर- हर तरह की सुख-सुविधाएँ पाकर भी पंछी पिंजरे में बंद नहीं रहना चाहते हैं क्योंकि उन्हें स्वतंत्रता पसंद हैं, वे बंधन में नहीं रहना चाहते। वे खुल कर आकाश में उड़ना चाहते हैं।

प्रश्न-5 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता के माध्यम से पंछी क्या संदेश देना चाहते हैं?

उत्तर- इस कविता के माध्यम से कवि संदेश देते हैं कि स्वतंत्रता सबको प्रिय है। स्वतंत्र रहकर ही अपने अरमान पूरे किए जा सकते हैं। इसलिए हमें पक्षियों को बंदी नहीं बनाना चाहिए।

दीर्घ प्रश्न

प्रश्न-1 पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं?

उत्तर- पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी अनेक इच्छाओं को पूरा करना चाहते हैं। जैसे कि-

(क) वे खुले आसमान में उड़ना चाहते हैं।

(ख) नदी-झरनों का बहता जल पीना चाहते हैं।

(ग) पेड़ों के फल खाना चाहते हैं।

(घ) पेड़ों की ऊँची फुनगियों पर झूलना चाहते हैं।

(ङ) वे आकाश में चमकते अनार के दाने रूपी तारों को चुगना चाहते हैं।

प्रश्न-2 पक्षियों को पिंजरों में घुटन क्यों होती है?

उत्तर- पक्षियों को पिंजरों में घुटन इसलिए होती है क्योंकि वे अपनी इच्छानुसार उड़ नहीं सकते, अपने घोंसले नहीं बना सकते| नदी और झरनों का बहता जल नहीं पी सकते, पेड़ों के फल नहीं खा सकते। इस तरह उनकी आजादी खतम हो जाती है|

प्रश्न-3 पंछी आज़ाद होकर क्या-क्या करना चाहते हैं?

उत्तर- पिंजरे से आज़ाद होकर पक्षी एक डाल से दूसरी डाल पर उड़ना चाहते हैं, अपने घोंसलें बनाना चाहते हैं, पेड़ों के फल खाना चाहते हैं और नदियों का बहता जल पीना चाहते हैं। खुले आकाश में उड़ना चाहते हैं। इस तरह प्रकृति का आनंद लेना चाहते हैं।